पत्र संख्या : 7ब/2701 गैर यो०ज०सं० – 04/2014.........07

झारखण्ड सरकार

जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

अविनाश कुमार,
सचिव

सेवा में,

उप समहर्त्ता, राजस्व प्रमंडल,
जल संसाधन विभाग, राँची ।

राँची, दिनांक 10.4.2014

विषय :– वित्तीय वर्ष 2014–15 के मांग संख्या– 49 जल संसाधन विभाग, मुख्य शीर्ष–2701– मध्यम सिंचाई उप मुख्य शीर्ष –03– मध्यम सिंचाई–वाणिज्यिक, लघु शीर्ष –001 निदेशन तथा प्रशासन, उप शीर्ष –03– सिंचाई योजनाओं से राजस्व संग्रहण मद के अंतर्गत व्यय हेतु निधि का आवंटन।

महाशय,

वित्तीय वर्ष 2014–15 में बजट मुख्य शीर्ष 2701– **मध्यम सिंचाई** के अंतर्गत परिशिष्ट–I में दर्शाये गये लघु शीर्ष/उप शीर्ष विस्तृत शीर्ष के अधीन अंकित कार्यालय को व्यय हेतु आवंटन संसूचित किया जाता है :–

| क्रमांक | मांग संख्या / मुख्य शीर्ष | उप मुख्य शीर्ष / लघु शीर्ष | उप शीर्ष | आवंटित राशि (लाख ₹ में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | मांग संख्या 49 जल संसाधन विभाग/ 2701–मध्यम सिंचाई | 03– मध्यम सिंचाई–वाणिज्यिक /001–निदेशन तथा प्रशासन | 03–सिंचाई योजनाओं से राजस्व संग्रहण | **64.750** |

**कुल आवंटित राशि –** रु० चौंसठ लाख पचहत्तर हजार मात्र

---

2. आवंटित राशि वित्तीय वर्ष 2014–15 के बजट उपबंध ₹ 101.68 लाख (एक करोड़ एक लाख अड़सठ हजार मात्र) के अंतर्गत है।

3. आवंटित राशि की निकासी की प्रक्रिया एवं शर्त्तें वित्त विभागीय स्थायी अनुदेश का पत्रांक 2561 वि० (2) दिनांक 17.04.98 एवं 1800 (वि०) दि० 15.07.2003 के आलोक में होगा।

4. राशि की निकासी के पूर्व संबंधित विपत्र/चेक पर व्ययन एवं निकासी पदाधिकारी द्वारा इस प्रसंगाधीन आवंटन आदेश की संख्या एवं तिथि का उल्लेख करना होगा, जिसके आधार पर संबंधित विपत्र/चेक में निहित राशि की निकासी की जा रही है। साथ ही इस आशय का प्रमाण पत्र भी विपत्र/चेक पर अंकित करना होगा कि विपत्र में निहित राशि बजट उपबंध तथा आवंटित राशि के अधीन है और राशि की निकासी के लिए संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी स्वयं सक्षम पदाधिकारी है। प्रत्येक विपत्र/चेक के साथ संबंधित आवंटन आदेश की अभिप्रमाणित प्रति निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से संलग्न की जायेगी।

5. आवंटित राशि से दिनांक 15.11.2000 के पूर्व का वेतनादि या अन्य दायित्व का भुगतान बिना विभागीय अनुमति के नहीं किया जाय।

6. जिस शीर्ष के अंतर्गत उपर्युक्त राशि आवंटित की जा रही है, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी उक्त मुख्य शीर्ष/उप मुख्यशीर्ष/लघु शीर्ष/उप शीर्ष का विस्तृत उल्लेख के साथ मुहर तैयार कर व्यवहार करेंगे ताकि महालेखाकार कार्यालय द्वारा लेखा संधारण में किसी तरह की भूल न हो सके।

| | | |
|---|---|---|
| (सुरेश प्रसाद भगत)<br>सहा० अभि० | (मुक्ति साधन चौरसिया)<br>उप सचिव (अभि०) | (शिवानन्द राय)<br>संयुक्त सचिव (अभि०) |

7. प्रत्येक निकासी एवं व्यय पदाधिकारी पूर्णतः सुनिश्चित हो लेंगें कि इकाईवार व्यय की सीमा किसी भी परिस्थिति में संबंधित इकाई के अंतर्गत आवंटित राशि से अधिक नहीं हो अन्यथा अधिकाई व्यय की पूरी जबाबदेही संबंधित पदाधिकारी पर होगी।

8. यदि आवंटित गई राशि अपर्याप्त महसूस हो तो राशि के व्यय का पूर्ण औचित्य तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ राशि की मांग करेंगें। ध्यान रहे कि जिस कार्यालय से व्यय का पूर्ण औचित्य प्राप्त नहीं होगा अतिरिक्त राशि का आवंटन नहीं किया जायेगा।

9. वित्तीय वर्ष 2014–15 से सेवानिवृत कर्मियों को अनुमान्य एकमुश्त स्थानान्तरण अनुदान और पैकिंग भत्ता, 15.11.2000 के बाद का बकाया वेतनादि तथा चिकित्सा प्रतिपूर्ति की निकासी वित विभाग का पत्रांक–170 दिनांक–01.04.2014 से प्राप्त निदेश के अनुरूप की जायगी।

10. बिहार वित्तीय नियमावली (भाग–1) के नियम 473 एवं 475 में विहित निदेश/वित्तीय नियमावली बजट मैनुअल/सचिवालय अनुदेश तथा अन्य सुसंगत अभिलेखों में विहित प्रावधानों तथा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत अनुदेशों का दृढ़तापूर्वक अनुपालन किया जाना संबंधित मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता का दायित्व होगा।

11. प्रत्येक निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित शीर्षान्तर्गत हुए व्यय का सत्यापन नियमानुसार त्रैमासिक रूप से महालेखाकार रॉची के साथ निश्चित रूप से कराते रहेंगे तथा व्यय प्रतिवेदन एवं सत्यापन विवरणी विभाग को समर्पित करेंगे।

12. विभिन्न इकाई मदों में आवंटित राशि से यदि राशि बच जाती है तो उसका **इकाईवार प्रत्यर्पण 31 जनवरी 2015** तक निश्चित रूप से कर देंगे।

***नोट : यह आवंटनादेश जलसंसाधन विभाग के वेब साईट ( http://www.wrdjharkhand.nic.in) पर भी उपलब्ध है।***

**अनु० :– यथोक्त**

10/4/14

(अविनाश कुमार)
सचिव

ज्ञापांक :– 07 रॉची, दिनांक :– 10.4.2014

प्रतिलिपि :– महालेखाकार, झारखण्ड पो० – हिनू, रॉची/कोषागार पदाधिकारी, रॉची/डोरंडा सहित राज्य के सभी कोषागार एवं उपकोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अनु० :– यथोक्त**

10/4/14

(अविनाश कुमार)
सचिव

ज्ञापांक :– 07 रॉची, दिनांक :– 10.4.2014

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, वित्त विभाग/संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/योजना एवं विकास विभाग/आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग/अभियंता प्रमुख I एवं II, जल संसाधन विभाग/ मुख्य अभियंता (मो०), रॉची/संयुक्त सचिव (अभि०)/उप सचिव (अभि०), जल संसाधन विभाग को पॉच प्रति/प्रशाखा–7 को दस अतिरिक्त प्रतियों में/सचिव के सचिव, जल संसाधन विभाग/वेब सूचना प्रबंधक/सांख्यिकी पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अनु० :– यथोक्त**

| (सुरेश प्रसाद भगत)<br>सहा० अभि० | (मुक्ति साधन चौरसिया)<br>उप सचिव (अभि०) | (शिवानन्द राय)<br>संयुक्त सचिव (अभि०) | 10/4/14<br>(अविनाश कुमार)<br>सचिव |
|---|---|---|---|

परिशिष्ट–I

मांग संख्या–49–जल संसाधन विभाग

मुख्य शीर्ष–2701–मध्यम सिंचाई/उप मुख्य शीर्ष–03–मध्यम सिंचाई–वाणिज्यिक

लघु शीर्ष–001–निदेशन तथा प्रशासन/उप शीर्ष–03–सिंचाई योजनाओं से राजस्व संग्रहण

| क० सं० | वित्तीय वर्ष 2014–2015 | | विस्तृत शीर्ष–01–वेतन एवं भत्तें | | विस्तृत शीर्ष–02–यात्रा व्यय | विस्तृत शीर्ष–03–प्रशासनिक व्यय | | | | | विस्तृत शीर्ष–04–मोटरगाड़ियां | विस्तृत शीर्ष–07–अन्य व्यय | (आबंटित राशि लाख रूपये में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कार्यालय का नाम | | वेतन | एल0टी0सी0 | देशीय यात्रा व्यय | कार्यालय व्यय | किराया,दरें, कर | आपूर्ति एवं सामग्री | दूरभाष | वर्दी | मोटरगाड़ियां इंधन एवं मरम्मति | विधि प्रभार | कुल योग | अभियुक्ति |
| | | विपत्र कोड → | 49N270103 001030101 | 49N2701030 01030112 | 49N270103 001030213 | 49N270103 001030315 | 49N270103 001030316 | 49N270103 001030323 | 49N270103 001030333 | 49N270103 001030334 | 49N2701030 01030442 | 49N270103 001030760 | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | उप समहर्त्ता राजस्व प्रमंडल, राँची । | पूर्व का आवंटन | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| | | अतिरिक्त आवंटन | **64.00** | **0.00** | **0.10** | **0.30** | **0.00** | **0.00** | **0.05** | **0.00** | **0.30** | **0.00** | **64.75** | |
| | | कुल आवंटन | 64.00 | 0.00 | 0.10 | 0.30 | 0.00 | 0.00 | 0.05 | 0.00 | 0.30 | 0.00 | **64.75** | |
| | अतिरिक्त आवंटन का योग | | **64.00** | **0.00** | **0.10** | **0.30** | **0.00** | **0.00** | **0.05** | **0.00** | **0.30** | **0.00** | **64.75** | |

कुल आवंटित राशि– रु० चौंसठ लाख पचहत्तर हजार मात्र

(सुरेश प्रसाद भगत)
सहायक अभियंता

(मुक्ति साधन चौरसिया)
उप सचिव (अभि०)

(शिवानन्द राय)
संयुक्त सचिव (अभि०)

07
10.4.2014

(अविनाश कुमार)
सचिव